# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक 07 जून, 2025** **थाना चोला**

**चोरी करने वाले 03 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये 12,000/- रुपये, 02 जोडी पाजेब(सफेद धातू), 01 कौदनी(सफेद धातू) व अवैध चाकू बरामद।**

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 05/07-06-2025 की रात्रि में थाना चोला पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर 03 चोरो को कनकपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किये गये 12,000/- रुपये नकद, 02 जोडी पाजेब, 01 कौदंनी, अवैध चाकू, आदि बरामद किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना चोला पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-**

1. विनोद पुत्र रनवीर निवासी ग्राम नगला तोता थाना चोला जनपद बुलन्दशहर।
2. मनोज पुत्र रनवीर निवासी ग्राम नगला तोता थाना चोला जनपद बुलन्दशहर।
3. सनी पुत्र कालीचरन निवासी ग्राम नगला तोता थाना चोला जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 02 जोडी पायल(सफेद धातू)
2. एक कौंदनी(सफेद धातू)
3. 12000/- रूपये
4. एक सरिया व एक लोहा काटने का ब्लेड(घटना मे प्रयुक्त)
5. 01 अवैध चाकू

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 03/04-06-2025 की रात्रि में थाना चोला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नंगला तोता में एक मकान में चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना चोला पर मुअसं- 126/2025 धारा 305ए,331(4),317(2) बीएनएस पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर इस अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी हैं।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. श्री विजय कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना चोला
2. उ0नि0 श्री प्रशान्त कुमार, उ0नि0 श्री संदीप सरोज
3. है0का0 जितेन्द्र कुमार, का0 कुलदीप कुमार, का0 परवेन्द्र कुमार, का0 आकाश कुमार




**मीडिया सेल, बुलंदशहर**